आकाशवाणी चंडीगढ़

हिन्दी प्रादेशिक समाचार

(तिथि 08 मार्च 2026, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि महिलाएं अवसर और सहयोग मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर रही है।

2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत, महिला सशक्तिकरण में एक नया अध्याय लिख रहा है।

3. भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चंडीगढ़ में वॉकथॉन का नेतृत्व किया।

4. कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में भी महिला मैराथन का आयोजन किया गया।

5. हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कहा कि रैपर गायक बादशाह को आयोग के समक्ष पेश होना होगा।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि महिलाएं अवसर और सहयोग मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि उद्यमिता हो या कॉर्पोरेट जगत, महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है साथ ही कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

***<u>हमारा देश तेजी से प्रगति करे और नागरिकों की पूर्ण क्षमता का राष्ट्रहित में उपयोग हो सके। इसके लिए जरूरी है कि हम न केवल अपनी बेटियों को ऊंचे सपने देखने के लिए प्रेरित करें बल्कि, उन सपनों को पूरा करने के लिए भी हम उनके कदम से कदम मिलाकर सहयोग करें।</u>***

राष्ट्रपति मुर्मु ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पीएम मुद्रा योजना और मिशन शक्ति जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है।

***<u>स्कील इंडिया मिशन महिलाओं को गिर परम्परा क्षेत्र में भी कुशल बना रही हैं। महिलाएं जॉव क्रियेटर की भूमिका में भी आगे बढ रही हैं। स्टार्ट-अप इंडिया के अन्तर्गत सहायता प्राप्त करने वाले आधे से अधिक स्टार्ट-अप में कम से कम एक महिला डॉयरेक्टर है। स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केन्द्रीय बजट 2027 स्कीम आर्ट की शुरूआत की गई।</u>***

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रही है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत, महिला सशक्तिकरण में एक नया अध्याय लिख रहा है और महिलाएं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।श्री मोदी आज

नई दिल्ली में लगभग 33 हजार 500 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास के मौके पर बोल रहे थे।श्री मोदी ने कहा कि भारत की महिला शक्ति हर क्षेत्र में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

***अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बडे गर्व के साथ कहता हूं कि मेरी माताओं-बहनों में कितना सामर्थ्य है अगर उनको अवसर दिया जाए तो कैसे-कैसे नई-नई सिद्धियां हासिल कर सकती हैं। मुझे आज खुशी के साथ कहना है कि देश में तीन करोड महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का जो संकल्प किया था, वो पूरा हो चुका है।***

---------------------------------------------------------------------------------------------

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चंडीगढ़ में सुखना लेक पुलिस चौकी से एक वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।2.5 किलोमीटर की यह 'महिला दिवस वॉकथॉन', ओपन हैंड स्मारक में संपन्न हुई।कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए, न्यायमूर्ति कांत ने कहा, वॉकथॉन का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है कि इस आयोजन ने उस दिशा में थोड़ा योगदान दिया होगा। न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि उन्हें यह देख कर अच्छा लगा कि इस कार्यक्रम में युवा वकील और न्यायाधीश भी भागीदारी कर रहे हैं। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू ने भी वॉकथॉन में भाग लिया।

---------------------------------------------------------------------------------------------

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में महिला मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन को गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज ने  हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष   रेणु भाटिया भी मौजूद रही। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि गीता की नगरी कुरुक्षेत्र में महिला आयोग द्वारा आयोजित यह विशाल मैराथन एक प्रेरणादायक पहल है। श्रीमती रेनू भाटिया  ने प्रतिभागियों को महिला सम्मान और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।हरियाणा राज्य महिला आयोग की  अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कार्यक्रम में बाइक चला कर और कई महिलाओं ने ट्रैक्टर चला कर और बच्चियों ने साइकिलिंग द्वारा महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

---------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा  राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने मशहूर रैपर गायक बादशाह के गाने "टटीरी" को लेकर चल रहे विवाद पर कडा रुख अपनाया । आज कुरुक्षेत्रे में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि अगर वो आयोग के समक्ष पेश नहीं होता तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आयोग  हरियाणा में उसके किसी भी कार्यक्रम की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने कहा कि बादशाह को 13 तारीख को महिला आयोग के सामने पेश होने के लिए समन जारी किया गया है। बादशाह द्वारा माफी मांग लिए जाने पर श्रीमती भाटिया ने कहा –

उन्होंने कहा यह महिलाओं की अस्मिता से जुड़ा मामला है, समाज में ऐसे व्यवहार को बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा।उधर पुलिस ने विवादित गाने को यू ट्यूब से हटवा दिया है। अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भी वीडियो को हटाने की प्रक्रिया जारी है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हरियाणा के सभी जिला अस्पतालों में रक्त दान शिविरों को आयोजन किया गया।पलवल के नागरिक अस्पताल में आयोजित स्वैच्छिक रक्त दान शिविर में नर्सिंग अधिकारी ज्ञानवती शर्मा ने कहा –

उन्होंने महिलाओं से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए रक्तदान कर समाजसेवा में योगदान देने का संकल्प लेने की अपील की। नर्सिंग अधिकारी उमेश ने कहा –

रक्तदाता दीपिका ने बताया कि उसे शिविर में रक्तदान के बाद काफी अच्छा महसूस हुआ।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश की समस्त मातृशक्ति को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और स्वावलंबन ही एक सशक्त राष्ट्र की असली आधारशिला है।महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के बिना किसी भी समाज या देश की प्रगति संभव नहीं है। इस दिशा में केंद्र तथा हरियाणा सरकार लगातार कार्य कर रही है।श्रीमती आरती सिंह राव ने कहा कि महिलाओं की उन्नति से ही समाज का समग्र विकास जुड़ा है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

फरीदाबाद में पहली बार महिला दिवस के अवसर पर विंटेज कार और बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस विशेष रैली का शुभारंभ हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने किया।रैली में कई दुर्लभ और आकर्षक विंटेज कार और बाइक देखने को मिली। इस अवसर पर श्री विपुल गोयल ने कहा –

-----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज फरीदाबाद में एक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नगर निगम अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने महिला सफाई कर्मियों को उनके सम्मान में सुरक्षा किट और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित कीं।शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए समर्पित दिन है। उन्होंने कहा कि देश में वर्ष 2014 के बाद से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है।